# निविदा आमंत्रित करते हुए विस्तृत सूचना

# A-1. DETAILED NOTICE INVITING TENDER

सत्यमेव जयते

**भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA**
**अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE**
**मुख्य नियंत्रण सुविधा MASTER CONTROL FACILITY**
**निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग CONSTRUCTION AND MAINTENANCE DIVISION**
**पी.बी. #66, हासन – 573 201, PB #66, Hassan - 573201, भारत India**
**दूरभाष Telephone: 08172 – 273520**

ई-निविदा सूचना सं.एमसीएफ/सीएमडी/एच/ई-05/2026-27/2-1039 दिनांक 04.09.26
**E-tender Notice no.** MCF/CMD/H/eTN-05/2026-27/2-1039 Dated. 04.09.26

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा के माध्यम से ऑनलाइन ईपीसी निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।
On behalf of the President of India, online EPC tenders are invited through e-tendering for the following work:

| Sl. No | Description | Details |
|---|---|---|
| (i) | कार्य का शीर्षक<br>Title of work | अंतरिक्षनगर, एमसीएफ, हासन में अनुरक्षण कार्यालय, विद्यालय एवं अन्य सुविधाओं हेतु भवन की योजना, अभिकल्पना, निर्माण एवं कमीशनिंग (सिविल, पीएच एवं विद्युत कार्य)- **ईपीसी विधा**-1 **में**।<br>Planning, Design, Construction, Commissioning of building for Maintenance Office, School and other Amenities at Antharikshanagar, MCF, Hassan (Civil, PH & Electrical works)- **In EPC Mode-1.** |
| (ii) | निविदा हेतु निर्धारित राशि<br>Amount put to tender | **₹ 487,01,991/-**<br>[सिविल, पीएच एवं विद्युत कार्य<br>Civil, PH, and Electrical Works] |
| (iii) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में)<br>Period of completion in months | चौदह (14) माह<br>Fourteen (**14**) months |
| (iv) | बयाना जमा राशि (ईएमडी)<br>Earnest money deposit (ईएमडी) | **₹ 9,74,040/-** (नौ लाख चौहत्तर हज़ार चालीस रुपए मात्र)<br>(Rupees Nine Lakhs Seventy Four Thousand Forty only) |
| (v) | वह अवधि जिसके दौरान निविदा दस्तावेज़ के लिए अनुरोध किया जा सकता है<br>Period during which the tender document can be requested | दिनांक 07.09.2026 को 09:59 बजे से दिनांक 20.09.2026 को 17:29 बजे तक<br>From 07.09.2026 09:59 hrs To 20.09.2026 17:29 hrs |
| (vi) | वह अवधि जिसके दौरान निविदा दस्तावेज़ डाउनलोड किया जा सकता है<br>Period during which the tender document can be downloaded | दिनांक 07.09.2026 को 10:00 बजे से दिनांक 20.09.2026 को 17:30 बजे तक<br>From 07.09.2026 10:00 hrs To 20.09.2026 17:30 hrs |

| | | |
|---|---|---|
| (vii) | बोली संबंधी स्पष्टीकरण<br>Bid Clarifications | दिनांक 07.09.2026 को 10:01 बजे से दिनांक 21.09.2026 को 17:30 बजे तक<br>From 07.09.2026 10:01 hrs To 21.09.2026 17:30 hrs |
| (viii) | बोली संबंधी स्पष्टीकरणों के उत्तर<br>Reply to Bid Clarifications | दिनांक 23.09.2026 को 17:30 बजे तक<br>Up to 17:30 hrs on 23.09.2026 |
| (ix) | निविदाएँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय<br>Last date and time for receipt of tenders | दिनांक 28.09.2026 को 17:30 बजे तक<br>Up to 17:30 hrs on 28.09.2026 |
| (x) | निविदाएँ (तकनीकी-वाणिज्यिक बोली) खोलने की नियत तिथि एवं समय<br>Due date and time of opening of tenders (techno-commercial bid) | दिनांक 29.09.2026 को 11:30 बजे<br>29.09.2026 11:30 Hrs |

2. बोलीदाता को निम्नलिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करना होगा।

Bidder shall meet the following Eligibility Criteria.

| क्र.सं. Sl. No | पात्रता मानदंड<br>Eligibility Criteria | पात्रता के प्रमाण हेतु दस्तावेज़ (स्वप्रमाणित प्रतियों को स्कैन कर अपलोड करना होगा)<br>Documentary proof for the eligibility (Self attested copies to be scanned and uploaded) |
|---|---|---|
| I. | **कार्य अनुभव / WORK EXPERIENCE**<br>बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से पूर्ववर्ती दिन को समाप्त होने वाली पिछले 7 वर्षों की अवधि के दौरान नीचे उल्लिखित समान प्रकृति के कार्य/कार्यों को संतोषजनक रूप से पूर्ण किया होना चाहिए।<br>Should have satisfactorily completed the similar work(s) as mentioned below during the last 7 years ending previous day of last date of submission of bids<br>(i) तीन समान प्रकृति के कार्य, जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा में निर्धारित राशि के 40% से कम नहीं होनी चाहिए, अर्थात् **₹194.81 लाख (या)**<br>Three similar works each costing not less than 40% of the amount put to tender i.e., **Rs.194.81 lakhs (or)**<br>(ii) दो समान प्रकृति के कार्य, जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा में निर्धारित राशि के 60% से कम नहीं होनी चाहिए, अर्थात् **₹292.22 लाख (या)**<br>Two similar works each costing not less than 60% of the amount put to tender i.e., **Rs.292.22 lakhs (or)**<br>(iii) एक समान प्रकृति का कार्य, जिसकी लागत निविदा में निर्धारित राशि के 80% से कम नहीं होनी चाहिए, अर्थात् **₹389.62 लाख**।<br>One similar work costing not less than 80% of the amount put to tender i.e., **Rs.389.62 lakhs** | (i) कार्य अनुभव प्रमाणित करने के लिए संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी कार्यादेश (Work Order)/क्रय आदेश (Purchase Order) तथा कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र (Completion Certificate) प्रस्तुत करना होगा।<br>Work order(s) / Purchase Order(s) and Completion certificates issued by the competent authority concerned to establish work experience.<br>(ii) निजी पक्षों द्वारा जारी किए गए कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्रों के साथ टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) प्रमाण-पत्र भी संलग्न करना होगा।<br>Completion certificates for works issued by Private parties shall be supported by TDS (Tax Deducted at surces) certificates. |

| | |
|---|---|
| | **टिप्पणी / Note:**<br>(i) **समान प्रकार के कार्य का मतलब है: "सिविल, पीएच एवं विद्युत कार्यों सहित न्यूनतम 9 मीटर ऊँचाई वाले आरसीसी अथवा स्टील के बहुमंजिला भवन का निर्माण।**<br>**Similar work shall mean: Construction of RCC or Steel Multi-storied building of minimum 9m height including Civil, PH and Electrical works"**<br>(ऊँचाई एवं क्षेत्रफल संबंधी आवश्यक दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किए जाने होंगे। necessary documentary proof towards height and area requirements shall be invariably produced)<br>(ii) समान प्रकृति के कार्य में निर्दिष्ट ऊँचाई को भूमि स्तर से छत के ऊपरी स्तर तक मापा जाएगा।<br>Height specified in similar work shall be measured from ground level to top of roof level.<br>(iii) निष्पादित कार्य के मूल्य को वर्तमान लागत स्तर पर लाने हेतु, कार्य के वास्तविक निष्पादित मूल्य में प्रति वर्ष 7% की साधारण दर से वृद्धि की जाएगी। यह वृद्धि कार्य पूर्ण होने की तिथि से बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक की अवधि (वर्ष के अंश सहित) के आधार पर गणना की जाएगी।<br>The value of executed work shall be brought to current costing level by enhancing the actual value of work at a simple rate of 7% per annum, calculated from the date of completion to last date of submission of bid (including fraction of years) .<br>(iv) **उप-ठेकेदार /संयुक्त उपक्रम (Joint Venture) / कंसोर्टियम (Consortium) के रूप में निष्पादित कार्यों को मूल्यांकन हेतु मान्य नहीं माना जाएगा।**<br>**Work executed as subcontract/ Joint Venture/ consortium will not merit for evaluation.** |
| **II.** | **योजना एवं अभिकल्पना के लिए पात्रता मानदंड / Eligibility Criteria for Planning and Design.**<br>बोलीदाता को यह स्पष्ट रूप से दर्शाना होगा कि अनुबंध के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य-क्षेत्र को किस प्रकार निष्पादित करने का प्रस्ताव है, अर्थातः कार्य स्वयं द्वारा प्रत्यक्ष रूप से किया जाएगा अथवा किसी विशेषज्ञ उप-एजेंसी के माध्यम से कराया जाएगा। इस संबंध में निविदा दस्तावेज़ में दिए गए घोषणा प्रपत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना अनिवार्य है तथा बोलीदाता द्वारा की गई यह घोषणा बाध्यकारी होगी।<br>The bidder should clearly indicate how the following scope of works in the contract is proposed to be executed i.e., either directly by themselves or through specialised sub-agency, in the declaration form provided in the tender document which is binding.<br>(i) भवन की विस्तृत योजना एवं अभिकल्पना<br>Detailed planning and design of the building<br>(ii) भवन के विद्युत कार्यों का क्रियान्वयन<br>Realization of Electrical works of the building<br>बोलीदाता को यह सुनिश्चित करना होगा कि निम्नलिखित विशेषीकृत कार्यों के पात्रता मानदंड (या तो स्वयं द्वारा अथवा प्रस्तावित विशेषज्ञ उप-एजेंसी (Specialized Sub-Agency)) के माध्यम से पूर्ण किए जाते हैं।<br>The bidder should duly ensure that the following eligibility criteria of specialized works are met with (either by themselves or by proposed specialized sub-agency). |

| | | |
|---|---|---|
| | (क) विस्तृत योजना एवं अभिकल्पना का कार्य करने वाली एजेंसी (चाहे मुख्य बोलीदाता हो अथवा अन्य परामर्शी फर्म) के पास पिछले 05 वर्षों के दौरान, बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से पूर्ववर्ती दिन तक, वास्तु (Architectural), संरचनात्मक (Structural) एवं विद्युत (Electrical) अभिकल्पना सहित कम से कम ₹4 करोड़ मूल्य के विस्तृत योजना एवं अभिकल्पना कार्यों को निष्पादित करने का अनुभव होना चाहिए।<br><br>The agency carrying out Detailed planning and design (either main bidder or other consultancy firm) should have experience in handling detailed planning and design works of value not less than Rs. 4 Cr including Architectural, Structural, and Electrical designs during the last 05 years ending previous day of last date of submission of bids. | I. कार्य अनुभव प्रमाणित करने के लिए संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी कार्यादेश (Work Order)/क्रय आदेश (Purchase Order) एवं कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र (Completion Certificate) प्रस्तुत करना होगा।<br>Work order (s) / Purchase Order (s) & Completion certificates issued by the competent authority concerned to establish work experience.<br>II. निजी पक्षों द्वारा जारी किए गए कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्रों के साथ टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) प्रमाण-पत्र भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।<br>Completion certificates for works issued by Private parties shall be supported by TDS (Tax Deducted at surces) certificates.<br><br>बोलीदाता को निविदा के प्रपत्र 2b में पूरे किए गए अभिकल्पना कार्यों की सूची जमा करनी चाहिए।<br><br>Bidder should submit the list of completed Design works in Format 2b of the tender. |
| | अभिकल्पना टीम के जीवनवृत्त की प्रमाणित प्रति, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र तथा काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर (CoA) पंजीकरण प्रमाण-पत्र।<br>(एजेंसी में न्यूनतम 05 वर्ष के अनुभव वाले तथा CoA में पंजीकृत प्रधान वास्तुविद (Principal Architect) एवं न्यूनतम 03 वर्ष के अनुभव वाले वरिष्ठ संरचनात्मक अभियंता (Senior Structural Engineer) होना अनिवार्य है।)<br>विषयगत अनुबंध की विस्तृत योजना एवं अभिकल्पना के कार्य को विभाग द्वारा सूचीबद्ध पैनल में शामिल किसी भी परामर्शदाता (सूची संलग्न) के माध्यम से निष्पादित करने का विकल्प चुने जाने पर, आगे किसी तकनीकी मूल्यांकन की आवश्यकता नहीं होगी।<br><br>Certfied copy of Bio-data of design team along with qualification certificate and council of architecture registration certificate.<br><br>(The agency shall consist of a Principal Architect with minimum 05 years experience registered with CoA and Senior Structural Engineer with minimum 03 years experience.)<br><br>To Carryout the scope of detailed planning and design of the subject contract through any of the Department empaneled consultant (list attached) If chosen; no further technical evaluation is required. | |
| | **टिप्पणी:** एजेंसी द्वारा तैयार किए गए अभिकल्पनाओं की प्रूफ चेकिंग प्रतिष्ठित सरकारी संस्थानों जैसे IISc/IIT/NIT/सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज से कराई जाएगी तथा निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व विभाग से गो-अहेड (Go-ahead) स्वीकृति प्राप्त की जाएगी। यह कार्य ठेकेदार के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत होगा।<br><br>**Note:** The designs prepared by the agency shall be got proof checked from reputed Govt. institutions like IISC/IIT/NIT/Govt. Engineering College and go-ahead clearance obtained from Department before proceeding for construction. This will be under the scope of the contractor. | |

| | | |
|---|---|---|
| | **विद्युत कार्य का अनुभव / ELECTRICAL EXPERIENCE** | |
| | (b.1) **विद्युत कार्यों** को निष्पादित करने वाली एजेंसी (चाहे मुख्य बोलीदाता हो अथवा विशेषज्ञ एजेंसी) के पास केंद्र अथवा राज्य विद्युत प्राधिकरण द्वारा जारी उपयुक्त श्रेणी एवं वर्ग का वैध विद्युत ठेकेदार लाइसेंस होना अनिवार्य है।<br><br>The agency executing **Electrical works** (either main bidder or specialised agency) shall possess valid electrical contractor's license of appropriate class and category issued by Central or State electricity authority. | वैध विद्युत ठेकेदार लाइसेंस की प्रमाणित प्रति (मुख्य बोलीदाता अथवा घोषित विशेषज्ञ एजेंसी की)।<br><br>Certfied copy of valid electrical contractor's license (of the main bidder or specialised agency as declared) |
| | (b.2) विद्युत कार्य करने वाली एजेंसी ने बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से पूर्ववर्ती दिन को समाप्त होने वाली पिछले 07 वर्षों की अवधि के दौरान, नीचे उल्लिखित समान प्रकृति के विद्युत कार्य/कार्यों को संतोषजनक रूप से पूर्ण किया होना चाहिए।<br><br>The electrical agency should have satisfactorily completed the similar electrical work (s) as mentioned below during the last 07 years ending previous day of last date of submission of bids.<br><br>i) तीन समान प्रकृति के कार्य, जिनमें से प्रत्येक की लागत **₹25.60 लाख** से कम नहीं होनी चाहिए (या)<br><br>Three similar works each costing not less than **Rs. 25.60 Lakhs** (OR)<br><br>ii) दो समान प्रकृति के कार्य, जिनमें से प्रत्येक की लागत **₹38.40 लाख** से कम नहीं होनी चाहिए (या)<br><br>Two similar works each costing not less than **Rs. 38.40 Lakhs** (OR)<br><br>iii) एक समान प्रकृति का कार्य, जिसकी लागत **₹51.20 लाख** से कम नहीं होनी चाहिए।<br><br>One similar work costing not less than **Rs. 51.20 Lakhs** | i) कार्य अनुभव प्रमाणित करने के लिए संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी कार्यादेश (Work Order)/क्रय आदेश (Purchase Order) एवं कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र (Completion Certificate) प्रस्तुत करना होगा। Work order (s) / Purchase Order (s) & Completion certificates issued by the competent authority concerned to establish work experience.<br><br>ii) निजी पक्षों द्वारा जारी किए गए कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्रों के साथ TDS (स्रोत पर कर कटौती) प्रमाण-पत्र भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।<br><br>Completion certificates for works issued by Private parties shall be supported by TDS (Tax Deducted at surces) certificates. |

| | | |
|---|---|---|
| | **विद्युत कार्यों के लिए टिप्पणी** / **Note for electrical works:**<br>i) समान प्रकृति के विद्युत कार्य से तात्पर्य "**भवन के आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण कार्य**" से होगा।<br>Similar Electrical Work shall mean "**Internal & External electrification works for building**"<br>ii) कार्यादेश एवं कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्रों के अतिरिक्त, बोलीदाता उपर्युक्त समान प्रकृति के कार्य से संबंधित निर्धारित पात्रता मानदंडों को प्रमाणित करने के लिए BOQ अथवा आरेखण जैसे अतिरिक्त दस्तावेज भी प्रस्तुत कर सकते हैं।<br>In addition to work order & completion certificates, the bidders may submit additional documents like BOQ or drawings to prove the criteria indicated in similar nature of work above.<br>iii) विद्युत कार्यों के मूल्य को वर्तमान लागत स्तर पर लाने हेतु, कार्य के वास्तविक मूल्य में प्रति वर्ष 7% की साधारण दर से वृद्धि की जाएगी। यह वृद्धि कार्य पूर्ण होने की तिथि से बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक की अवधि (वर्ष के अंश सहित) के आधार पर गणना की जाएगी।<br>The value of electrical works shall be brought to current costing level by enhancing the actual value of work at a simple rate of 7% per annum, calculated from the date of completion to last date of submission of bid (including fraction of years) . | |
| **III.** | **वित्तीय सुदृढ़ता / FINANCIAL SOUNDNESS** | |
| a) | 31 मार्च 2026 को समाप्त होने वाले पिछले तीन वर्षों के दौरान औसत वार्षिक वित्तीय टर्नओवर **₹146.11 लाख** से कम नहीं होना चाहिए।<br>Should have had average annual financial turnover not less than **Rs.146.11 lakhs** during the last three years ending 31st March 2026. | सालाना फाइनेंशियल टर्नओवर और प्रॉफ़िट-लॉस दिखाने वाली बैलेंस शीट के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट का सर्टिफ़िकेट।<br>Chartered Accountant certificate for the Annual financial turnover and balance sheet showing Profit & Loss. |
| b) | 31 मार्च 2026 को समाप्त होने वाले पिछले पांच वर्षों में, दो से अधिक वर्षों में कोई नुकसान नहीं हुआ होना चाहिए।<br>Should not have incurred any loss in more than two years during the last five years ending 31st March 2026. | |
| c) | **₹194.81 लाख** की शोधन क्षमता होनी चाहिए।<br>Should have a solvency of not less than **Rs.194.81 lakhs.** | किसी भी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी अद्यतित शोधन क्षमता प्रमाणपत्र, जो बोली जमा करने की तारीख से 06 महीने से ज़्यादा पुराना न हो।<br>Latest Solvency Certificate issued by any Scheduled Bank not older than 06 months from date of submission of bids. |

| | | |
|---|---|---|
| **IV.** | **बोली लगाने की क्षमता**<br>**BIDDING CAPACITY**<br>ठेकेदार की बोली लगाने की क्षमता, निविदा के लिए तय की गई राशि से ज़्यादा होनी चाहिए। बोली लगाने की क्षमता का हिसाब निविदा भरने वाले को लगाना होगा और उसे बताना होगा, साथ ही निविदा दस्तावेज़ के अनुरोध के साथ इस फ़ॉर्मूले के आधार पर जानकारी देनी होगी:<br>The bidding capacity of the contractor should be more than the amount put to tender. The bidding capacity shall be worked out and declared by the tenderer and enclosed with the request for tender document based on the formula:<br>**(A×N×1.5) – B**<br>*कहाँ/where,*<br>A- पूरे हो चुके और चल रहे दोनों तरह के कार्यों को ध्यान में रखते हुए पिछले 5 वर्षों में किसी भी एक वर्ष में किए गए निर्माण कार्यों में अधिकतम टर्नओवर पूरे हो चुके कार्यों के मूल्य को मौजूदा लागत स्तर पर लाया जाएगा।<br>Maximum turnover in construction works executed in any one year during the last 5 years taking into account the work completed as well as work in progress. The value of competed works shall be brought to current costing level.<br>B- मौजूदा वचनबद्धता और चल रहे कार्यों का मान, जिन्हें मौजूदा कीमत स्तर पर अगले "N" सालों में पूरा किया जाना है। Value of existing commitments and ongoing works to be completed during the next 'N' years at current price level.<br>N- उस कॉन्ट्रैक्ट को पूरा करने के लिए तय किए गए साल, जिसके लिए बोलियां मंगाई गई हैं (N = महीनों में पूरा होने की अवधि/12)<br>Number of years prescribed for completion of the subject contract for which bids are invited (N = period of completion in months/12) | (i) मौजूदा वचनबद्धता और चल रहे कार्यों का मान, साथ ही सूची में शामिल हर कार्य को पूरा करने के लिए बची हुई तय अवधि को दिखाने वाला एक स्टेटमेंट, साथ में दिए गए फॉर्मेट 1 के अनुसार जमा करना होगा।<br>A statement showing the value of existing commitments and ongoing works as well as the stipulated period of completion remaining for each of the works listed to be furnished as per format 1 enclosed.<br><br>(ii) कार्य के मूल्य के लिए मौजूदा लागत स्तर का हिसाब ऊपर दिए गए नोट (ii) के अनुसार लगाया जा सकता है।<br>Current costing level for value of work may be worked out as mentioned under the Note (ii) above. |

3. **महत्वपूर्ण सूचना :** बोलीदाता ध्यान दें कि ऊपर बताए गए मानदंड केवल न्यूनतम योग्यता मानदंड हैं। स्टेज II के मूल्यांकन में आवश्यक योग्यता अंक पाने के लिए, बालीदाता सेक्शन A-4 (मूल्यांकन भाग) में दिए गए मानदंडों को देख सकते हैं और वित्तीय समर्थता तथा इसी तरह की श्रेणी में अनुभव आदि के लिए आवश्यक योग्यता दस्तावेज़ जमा कर सकते हैं।
**IMPORTANT NOTE:** Bidders may note that above criteria are only minimum qualifying criteria. For obtaining the required qualifying marks in Stage 2 evaluation, bidder may refer to criteria in Section A-4 (evaluation part) and submit the required qualifying documents for Financial Strength and Experience in similar class etc.,

4. निविदा से जुड़े दस्तावेज़ ई-निविदा वेबसाइट **www.tenderwizard.com/ISRO** से डाउनलोड किए जाने चाहिए। सिर्फ़ निविदा दस्तावेज़ डाउनलोड करने से ही कोई निविदाकार बोली लगाने में शामिल होने के लिए योग्य नहीं हो जाएगा। निविदाकार द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ की बाद में विभाग द्वारा जांच की जाएगी। अगर वे ज़रूरी शर्तों को पूरा नहीं करते हैं, तो ऐसे प्रस्तावों को निरस्त कर दिया जाएगा।
Tender documents shall be downloaded from e-Tendering website **www.tenderwizard.com/ISRO**. Downloading of tender documents alone will not make a tenderer eligible for participating in the bidding. The documents uploaded by the tenderers will be subjected to verification subsequently by Department. If found not meeting the requirement, such offers will be rejected.

5. **बयाना जमा राशि Earnest Money Deposit:**

(a) निविदा के साथ ऊपर पैरा 1 में निर्दिष्ट मूल्य का बयाना जमा राशि जमा करना होगा। यह राशि लेखा अधिकारी, एमसीएफ के पक्ष में या किसी अनुसूचित बैंक की 'डिपॉज़िट एट कॉल रसीद' / आवधिक जमा रसीद' / 'डिमांड ड्राफ्ट' के रूप में, (या) फिर किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी 'बैंक गारंटी' के रूप में होनी चाहिए।
Tenders should be accompanied with valid **Earnest Money Deposit** for value specified in Para 1 above, in the form of Deposit at Call receipt/ Term Deposit Receipt/ Demand draft of any Scheduled Bank issued in favour of Accounts Officer, MCF (or) in the form of Bank guarantee issued by a scheduled bank.

(b) बयाना जमा राशि निविदा मिलने की नियत तिथि से 180 दिनों तक मान्य रहेगी। अगर ईएमडी डीडी के रूप में दी जाती है, तो निविदा खुलने पर उसे तुरंत नकद कर लिया जाएगा और असफल निविदा भरने वालों को ईएमडी की वापसी विभाग द्वारा चेक या इलेक्ट्रॉनिक तरीके से किया जाएगा।
Earnest Money Deposit shall be valid for **180 days** from the due date of receipt of tenders. In case EMD in the form of DD is furnished, the same will be encashed immediately on opening of tenders and refund of EMD for unsuccessful tenderers will be made through Cheque/ electronically by the Department.

(c) ईएमडी का मूल दस्तावेज़, निविदा खोलने की नियत तिथि और समय पर या उससे पहले प्रधान, निर्माण, एवं अनुरक्षण प्रभाग के कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए। अगर निविदा खोलने की नियत तिथि और समय पर या उससे पहले वैध ईएमडी नहीं प्राप्त होती है, तो प्रस्ताव को तुरंत निरस्त कर दिया जाएगा।
Original instrument of EMD shall be submitted to Office of the Head, Construction and Maintenance Division, MCF on or before due date and time of opening of tender. If valid EMD is not received on or before due date and time of opening of tender, the offer shall be summarily rejected.

6. **बोली स्पष्टीकरण /Bid Clarifications:**

(a) बोलीदाता निविदा या संविदा की शर्तों, विनिर्देशन, आरेखण, कार्य उद्देश्य आदि के बारे में कोई स्पष्टीकरण या संदेह पूछना चाहते हैं, उन्हें ऊपर पैरा 1 में बताई गई अवधि के दौरान ही अपना स्पष्टीकरण जमा करना होगा।
Bidders seeking any clarifications/ doubts on the tender/ on any conditions of the contract, specifications, drawings, scope of work etc., if any, shall submit the clarifications during the period as specified in Para 1 above.

(b) बोलीदाताओं के संदेह का समाधान ऊपर पैरा 1 में बताई गई समय-सीमा के भीतर किया जाएगा।
Clarifications for the doubts raised by the bidders will be addressed within the time specified in Para 1 above.

(c) मांगी गई स्पष्टीकरण और दिया गए उत्तर अनुबंध का हिस्सा होंगे।
The clarifications sought and reply furnished will form part of the contract.

7. ई-निविदा, ऊपर पैरा 1 में बताई गई तिथि और समय पर एमसीएफ के निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग के प्रधान के कार्यालय में खोले जाएंगे।
The e-tenders will be opened at the Head, Construction and Maintenance Division, MCF on the stipulated date and time specified in Para 1 above.

8. **बोली खोलने/मूल्यांकन का क्रम /Sequence of Bid Opening/ Evaluation:**

(a) निविदा खोलने की नियत तिथि पर, सिर्फ़ उन्हीं निविदाकारों की तकनीकी-वाणिज्यिक बोलियां खोली जाएंगी जिन्होंने वैध ईएमडी जमा की है।
On the due date of opening, the Techno-commercial bid of those tenderers who furnished valid EMD will only be opened.

(b) तकनीकी-वाणिज्यिक बोली खुलने के बाद, आगे की विस्तृत जांच/मूल्यांकन निम्नलिखित चरणों में की जाएगी।
On opening of Techno-commercial bid, further detailed scrutiny / evaluation will be carried out in following stages:

**चरण/Stage-I**

**दस्तावेज़ सत्यापन-** निविदाकारों द्वारा तकनीकी-वाणिज्यिक बोली के साथ जमा किए गए दस्तावेज़ों की जाँच सीएमडी/सीएमजी द्वारा की जाएगी और विभाग की तकनीकी मूल्यांकन समिति (TEC) द्वारा विस्तार से समीक्षा किया जाएगा। अगर कोई निविदा ऊपर पैरा 2 में बताई गई योग्यता शर्तों को पूरा नहीं करते हैं, तो उसे इसी चरण में निरस्त कर दिया जाएगा और ऐसे प्रस्तावों पर आगे की प्रक्रिया के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

**Document verification -**The documents furnished by the tenderers along with the Techno-commercial bid will be scrutinized by CMD/CMG and reviewed in detail by a Technical Evaluation Committee (TEC) of Department. Any tender found as not fulfilling the eligibility criteria as mentioned in Para 2 above will be rejected at this stage and such offers will not be considered for further processing.

**चरण/Stage-II**

**तकनीकी मूल्यांकन –** निविदाकारों की क्षमता का मूल्यांकन आगे टीईसी द्वारा किया जाएगा। इसमें निविदाकारों द्वारा किए गए चुने हुए कार्यों का निरीक्षण भी शामिल होगा, जो निविदा मूल्यांकन फ़ॉर्मेट में बताए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा। मूल्यांकन के पैमानों सहित तकनीकी मूल्यांकन फ़ॉर्मेट निविदा दस्तावेज़ में दिया गया है।

**Technical evaluation -**The competency of the tenderers will be further evaluated by TEC, including inspection of selected works carried out by tenderers, as per guidelines indicated in the Tender evaluation format. The Technical Evaluation format including the evaluation traits is enclosed in the tender document.

**<u>नोट</u> -** अगर किसी निविदाकार का पिछले एक साल में अं.वि/इसरो के किसी केंद्र/यूनिट/AB द्वारा इसी तरह के काम और पैमाने के लिए, और मूल्यांकन के उन्हीं मानदंडों के आधार पर तकनीकी मूल्यांकन किया गया है, तो ऐसे बोलीदाताओं का दोबारा मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और मौजूदा निविदा के लिए पात्रता तय करने में पिछले मूल्यांकन के स्कोर को ही आधार माना जाएगा।

**<u>Note:</u>** Any particular tenderer who has been technically evaluated by any of the DOS/ISRO Centres/Units/ABs in the past one year for any work of similar nature and magnitude and for same criteria of evaluation, such bidders will not be re-evaluated and the scores of the previous evaluation will be taken for the assessment of the eligibility for the present tender.

(a) सिर्फ़ उन्हीं निविदाकारों के मूल्य बोली (कीमत वाली बोली) को एक नियत तारीख पर अलग से खोला जाएगा (और योग्यता प्राप्त करने वाले बोलीदाताओं को इसकी सूचना दी जाएगी) जिन्होंने चरण I एवं II की जांच और तकनीकी मूल्यांकन में योग्यता प्राप्त की है तथा आगे निविदा की प्रक्रिया या शर्तों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

The price bid of only those tenderers who have been qualified during the scrutiny and technical evaluation in Stage I and II will be opened separately on a specified date (with due intimation to the qualified bidders) and further processed, as per tender procedure/ stipulations.

9. जिस संविदाकार का प्रस्ताव स्वीकृत किया जाता है, उन्हें 'आशय पत्र' या 'कार्य आदेश' जारी होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर **निविदा के मूल्य का 5% (पांच प्रतिशत) 'निष्पादन गारंटी'** के तौर पर जमा करना होगा। यह गारंटी, अनुबंध की शर्तों के खंड I में निर्दिष्ट प्रपत्र में तथा लेखा अधिकारी, एमसीएफ के पक्ष में जारी की जाएगी अथवा निर्धारित प्रपत्र के अनुसार किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी के रूप में प्रस्तुत की जाएगी। यदि ठेकेदार निर्धारित अवधि के भीतर, जिसमें कोई विस्तारित अवधि भी शामिल है, उक्त कार्य निष्पादन गारंटी जमा करने में विफल रहता है, तो ठेकेदार द्वारा जमा की गई बयाना राशि जब्त की जा सकती है तथा ठेकेदार को बिना किसी सूचना के आशय पत्र/ कार्य आदेश स्वतः निरस्त हो जाएगा। निविदा के साथ जमा की गई बयाना राशि उक्त कार्य निष्पादन गारंटी प्राप्त होने के बाद ही वापस की जाएगी।
The contractor, whose offer is accepted, will be required to furnish **Performance guarantee of 5% (Five Percent) of the tendered value** within 15 days from the date of issue of letter of intent/ work order. This guarantee shall be in the form as specified in Clause 1 of contract conditions and issued in favour of the Accounts Officer, MCF (or) in the form of Bank guarantee issued by a scheduled bank in accordance with the prescribed form. In case the contractor fails to deposit the said performance guarantee within the period specified including the extended period if any, the Earnest Money deposited by the contractor will be forfeited and letter of intent/ work order cancelled automatically without any notice to the contractor. The Earnest Money deposited along with tender shall be refunded only after receiving the aforesaid performance guarantee.

10. निविदा जमा करने से पहले, इच्छुक निविदाकर्ता एमसीएफ के प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग की पूर्व अनुमति से साइट का निरीक्षण कर सकते हैं।
Intending tenderers may inspect the site before submitting the tenders, with the prior permission of Head, Construction and Maintenance Division, MCF.

11. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा स्वीकार करने वाले प्राधिकारी सबसे कम या किसी अन्य निविदा को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और उनके पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी प्राप्त निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। जिन निविदाओं में निर्धारित शर्तों में से किसी का भी पालन नहीं किया जाता है या निविदा देने वाले द्वारा कोई शर्त, जिसमें सशर्त छूट भी शामिल है, रखी जाती है, उन्हें तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

The tender accepting authority on behalf of President of India is not bound to accept the lowest or any other tender and reserves the authority to reject any or all the tenders received without assigning any reason. All tenders in which any of the prescribed condition is not fulfilled or any condition including that of conditional rebate is put forth by the tenderer shall be summarily rejected.

12. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा स्वीकार करने वाले प्राधिकारी के पास भी यह अधिकार सुरक्षित है।

The tender accepting authority on behalf of President of India also reserves the right,

(a) कार्य आदेश जारी करने से पहले कार्य का उद्देश्य बदलने या कार्य की मात्रा कम करने का अधिकार है, और इस संबंध में निविदाकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

To alter the scope/ or reduce quantum of work before issue of work order and the tenderer shall not have any claim what so ever on this account.

(b) पूरे निविदा या उसके किसी भी हिस्से को स्वीकार करने का अधिकार है और निविदाकार को बताई गई दर पर ही काम पूरा करना होगा।
To accept the whole or any part of the tender and the tenderer shall be bound to perform the same at the rate quoted.

13. निविदा के संबंध में सीधे या परोक्ष रूप से पक्ष प्रचार करना सख्त मना है और जो ठेकेदार पक्ष प्रचार करते हैं, उनके निविदा रद्द किए जा सकते हैं।
Canvassing directly or indirectly, in connection with tender is strictly prohibited and the tenders submitted by the contractors who resort to canvassing will be liable for rejection.

14. निविदा स्वीकार करने वाले अधिकारी के पास यह अधिकार है कि वह समय-समय पर सरकार की नीतियों के अनुसार प्रस्तावों को प्राथमिकता दे सके।
The tender accepting authority reserves the option to give preferences to the offers in accordance with the policies of the Government from time to time.

15. ठेकेदार को विभाग के उस विशेष केंद्र/यूनिट के समूह/प्रभाग में कार्यों के लिए निविदा प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जो अनुबंधों के प्रदान करने एवं निष्पादन के लिए उत्तरदायी है, यदि उसके निकट संबंधी उस केंद्र/यूनिट में कार्यरत हों। ठेकेदार को उन व्यक्तियों के नाम भी सूचित करने होंगे, जो उसके साथ किसी भी हैसियत से कार्य कर रहे हैं अथवा बाद में उसके द्वारा नियोजित किए जाते हैं और जो अंतरिक्ष विभाग के किसी राजपत्रित अधिकारी के निकट संबंधी हैं। ठेकेदार द्वारा इस शर्त का कोई भी उल्लंघन किए जाने पर उसकी निविदा अस्वीकृत की जा सकती है अथवा अनुबंध निरस्त किया जा सकता है।
The contractor shall not be permitted to tender for works in the Group / Division of that particular Centre/Unit of the Department responsible for award and execution of contracts for which his/her near relative is working. He/she shall also intimate the names of persons who are working with him in any capacity or are subsequently employed by him and who are near relatives to any Gazetted Officer in the Department of Space. Any breach of this condition by the contractor would render him liable for rejection of tender or cancellation of contract.

16. निविदा उपरोक्त पैरा 1 में निर्दिष्ट निविदा प्राप्ति की नियत तिथि से **कम-से-कम 120 दिनों की अवधि** के लिए वैध होनी चाहिए। यदि ऐसा होता है,/ The tender should be valid for a **minimum period of 120 days** from the due date of receipt of the tender specified in Para 1 above. In case,

(a) अगर कोई निविदाकार कार्य मिलने से पहले अपना प्रस्ताव वापस ले लेता है या निविदा की शर्तों और नियमों में कोई ऐसा बदलाव करता है जो विभाग को मंज़ूर नहीं है, तो सरकार किसी दूसरे अधिकार या उपाय पर असर डाले बिना, बयाना जमा राशि' का **50%** (पचास प्रतिशत) हिस्सा पूरी तरह से ज़ब्त करने के लिए स्वतंत्र होगी

If any tenderer withdraws the offer before award of work or makes any modifications in the terms and conditions of the tender which are not acceptable to the Department, the Government shall without prejudice to any other right or remedy, be at liberty to forfeit **50%** (Fifty Percent) of the Earnest Money Deposit absolutely.

(b) अगर कोई निविदाकार कार्य मिलने/ 'आशय पत्र' जारी होने के बाद अपना प्रस्ताव वापस ले लेता है और कार्य शुरू नहीं करता है, तो सरकार किसी दूसरे अधिकार या उपाय पर असर डाले बिना, 'बयाना जमा राशि) का **100%** हिस्सा पूरी तरह से ज़ब्त करने के लिए स्वतंत्र होगी।

If any tenderer withdraws the offer after award of work/ issue of letter of intent and fail to commence the work, the Government shall without prejudice to any other right or remedy, be at liberty to forfeit **100%** (Hundred Percent) of the Earnest Money Deposit absolutely.

(c) इसके अलावा, जो निविदाकार अपना प्रस्ताव वापस लेते हैं काम शुरू नहीं करते हैं, तो उन्हें उस कार्य की पुनः निविदा प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
Further, the tenderer who is withdrawing the offer/ not commencing the work shall not be allowed to participate in the re-tendering process of the work.

17. अगर यह पाया जाता है कि बोली में बताए गए उसी तरह के काम किसी दूसरी एजेंसी से करवाए गए हैं या पात्रता की शर्तों को साबित करने के लिए जमा किए गए दस्तावेज़ सही नहीं हैं, तो बोलीदाता को इसरो के किसी भी निविदा में भाग लेने से रोक दिया जाएगा और उचित कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।
If it is noticed that the similar nature of work declared in the bid has/have been got executed through another agency or the documents submitted to prove the eligibility criteria are not truthful, then the tenderer shall be debarred for participation in any of the tenders of ISRO and also legal action deemed fit will be initiated.

18. निविदा प्रक्रिया पूरी होने पर, सफल निविदाकर्ता के साथ एक समझौता किया जाएगा।
On concluding the tender, an agreement shall be drawn with the successful tenderer.

19. डिजिटल हस्ताक्षर द्वारा निविदा की स्वीकृति के अतिरिक्त, निविदाकर्ता को एनआईटी की तकनीकी बोली के साथ संलग्न घोषणा पत्र पर भौतिक रूप से हस्ताक्षर कर अपनी मुहर लगानी होगी तथा उसकी स्कैन की हुई प्रति अपलोड करनी होगी। यह इस बात की स्वीकृति के रूप में होगा कि निविदाकर्ता ने निविदा से संबंधित सभी तकनीकी एवं वाणिज्यिक शर्तों/दस्तावेज़ों, जिनमें निविदा चित्र, विनिर्देश आदि शामिल हैं, का पूर्णतः अवलोकन कर लिया है।
In addition to acceptance of tender by digital signature, the tenderers shall physically sign, stamp and upload the scanned declaration form attached to NIT/Technical bid, as a token of acceptance that tenderer has gone through all the Technical, Commercial conditions/ documents including tender drawings, specifications etc.,

20. बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वह अपने खर्च पर कार्य स्थल का दौरा करें और उस जगह व उसके आस-पास के इलाके का निरीक्षण करें, ताकि वह संभावित कार्य का सही आकलन करने के लिए ज़रूरी सभी जानकारी स्वयं एकत्रित कर सकें। अगर आवश्यक हो, तो एजेंसी को निर्माण स्थल तक संसाधन पहुँचाने के लिए ज़रूरी पहुँच मार्ग बनाना होगा। साइट तक पहुँचने के रास्ते बनाने के लिए कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा।
The bidder is advised to visit the site of work, at his own cost, and examine it and its surroundings to himself collect all information that he considers necessary for proper assessment of the prospective assignment. The agency has to construct required approach road for transportation of resources up to construction site, if required. Nothing extra shall be payable for construction of approaches to site.

21. हिंदी एवं अंग्रेजी संस्करण के बीच किसी भी प्रकार की विसंगति होने की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।
In case of any discrepancies between Hindi & English version, English version shall prevail.

22. उद्धृत दरों अथवा राशि में लागू दरों के अनुसार वस्तु एवं सेवा कर (GST) सहित सभी कर एवं अधिभार, शुल्क, उपकर आदि शामिल होंगे, जो संबंधित विधियों के अंतर्गत देय हैं। विधि के अनुसार की जाने वाली कटौतियाँ बिल से काटकर संबंधित विभाग में जमा की जाएँगी। / The rates or amount quoted shall include all taxes including Goods and Services Tax (GST) at applicable rates and levies, duties, cess etc., payable under respective statutes. Deductions as per statutes will be affected from the bill and remitted to the Department concerned.

प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग (CMD)
एमसीएफ (MCF)